# कान्हा बने बच्चे, बरबरीक के खाटू श्याम बनने का प्रसंग

भोपाल (हिनप्र)।

**दीपमाला पागारानी संस्कार पब्लिक स्कूल में योगेश्वर श्री कृष्ण का जन्मोत्सव आस्था और उल्लास के साथ दो चरणों में मनाया गया। पहले चरण में रंगोली, मेंहदी, कृष्ण जीवन दर्शन, गीता के श्लोक वाचन भजन प्रतियोगिता के साथ कृष्ण स्वरूप प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।**



पहले चरण का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाज सेवी लक्ष्मण मूलचन्दानी, संस्था के सचिव बसंत चेलानी, उपाध्यक्ष सुरेश राजपाल, कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव, सह-सचिव नरेश वासवानी, लेखा परीक्षक पुरूषोत्तम टिलवानी, सदस्य नारायणदास लालवानी, पूर्व पार्षद दीपा वासवानी, सागर पब्लिक स्कूल की शैलेजा रेडी, मधु मूलचन्दानी ने श्री कृष्ण की पूजा अर्चना व आरती कर किया। चेलानी ने कहा कि जब-जब धरती पर पाप बढ़ा है तब-तब भगवान ने अवतार लिया है। भारत की भूमि पर ईश्वर बार-बार जन्म लेते है और जब-जब अधर्म बढ़ेगा तब तक ईश्वर इस धरती पर अवतार लेंगे। शैलेजा रेडी ने कहा कि बच्चों को तैयार करके इस तरह के कार्यक्रमों के लिए प्रेरित करने से ही बच्चों का विकास होता है। पूर्व पार्षद दीपा वासवानी ने कहा कि श्री कृष्ण अपने माता-पिता एवं मित्रों के साथ लीलाएं कीं। विद्यालय की उपप्राचार्या मीनल नरयानी ने भी विचार व्यक्त किए। ब्रह्मकुमारी आश्रम की प्रीति बहन एवं सी.एम.एस स्कूल की मीनाक्षी शर्मा ने कृष्ण स्वरूप में आए प्रतिभागियों में तीन को श्रेष्ठ प्रतिभागी के रूप में चुना। उन्हे पुरस्कृत किया गया। दूसरे चरण में विद्यालय द्वारा एक झांकी प्रस्तुत की गई जिसका उद्घाटन हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा, श्रद्धेय लाल साई, महेश वीधानी, संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी व अन्य अतिथियों ने किया। झांकी में बरबरीक के खाटू श्याम बनने की कथा के साथ दिखाया गया कि किस तरह श्री कृष्ण द्वारा पांडवों के घमंड को नष्ट किया गया। विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि एक दिन श्री कृष्ण का मथुरा में मंदिर जरूर बनेगा और हम वहां श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनाने भी जाएंगे। संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी जी के रहते हुए हिन्दुस्तान में हम खुले मन से अपने त्योहारों को मना रहे है। पार्षद राजेश हिंगोरानी ने ने अपने विचार व्यक्त किए। श्रद्धेय लाल साई जी ने कहा कि श्री कृष्ण अर्जुन के साथ ही नहीं हम सब के साथ भी है अगर ते साथ नहीं हो तो हमारा जीवन रूपी रथ जरा भी नहीं सरकेगा। संत निरंकारी मंडल के महेश वीधानी ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने अनेक लीलाए की सुदामा के मित्र बने, मीरा के विष को अमृत किया, श्री कृष्ण ने जब अधर्म की बात आई तो कुरूक्षेत्र में गीता के उपदेष भी दिए जो मनुष्य को जीवन जीने की प्रेरणा देता है।

# वीवीआईपी के भोपाल प्रवास के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस अधिकारियों की बैठक सम्पन्न




**भोपाल (काप्र)।** वीवीआईपी के राजधानी प्रवास के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस आयुक्त भोपाल श्री मकरंद देउस्कर द्वारा नगरीय पुलिस भोपाल के राजपत्रित अधिकारियों एवं सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी में प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं इकाईयों से आये पुलिस अधिकारियों की आज दोपहर कमिश्नर कार्यालय में समीक्षा बैठक ली गई, जिसमें कलेक्टर भोपाल श्री अविनाश लवानिया, एडिशनल सीपी श्री सचिन अतुलकर एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उक्त बैठक में वीवीआईपी कार्यक्रम की विस्तृत रुपरेखा बताई गई एवं रूट व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था इत्यादि महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई तथा कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा कर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# बहनों का साथ और हर माँ का आशीर्वाद ही मेरी ताकत : रामेश्वर

## हुजूर विधानसभा क्षेत्र में रक्षा बंधन का पर्व मना

**भोपाल ( हिनप्र )। हुज़ूर विधानसभा क्षेत्र में रक्षा बंधन का पर्व मनाया जा रहा है। विधायक रामेश्वर शर्मा बहनों से रक्षा सूत्र बंधवाकर विकास का वादा दोहरा रहे हैं। शनिवार को रक्षा बंधन का उत्सव वार्ड एक से छह तक मनाया गया। हज़ारो बहनों ने विधायक रामेश्वर शर्मा की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा।**



विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि हज़ारो बहनों ने मेरी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर मुझे आशीर्वाद दिया है, श्री शर्मा ने कहा की जब तक मेरे शरीर मे प्राण रहेंगे मैं बहनों की रक्षा उनकी सेवा में तत्पर रहूंगा। बहनों का साथ और हर माँ का आशीर्वाद ही मेरी ताकत है उसी दम से मैं लड़ पाता हूँ । वार्ड तीन के रक्षाबंधन उत्सव को संबोधित करते हुए विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा की हज़ारो बहने हर रक्षा बंधन पर मुझे रक्षा सूत्र बांधती है। इस पवित्र रिश्ते की डोर मेरी कलाई के साथ साथ एक ऐसे अटूट रिश्ते की गांठ है जो हर किसी को नसीब नही होती, मैं सौभाग्यशाली हूँ की मुझे हज़ारो बहनों का स्नेह आशीर्वाद प्राप्त है।

शनिवार को विधायक रामेश्वर शर्मा को हज़ारो बहनों ने राखी बांधकर उनकी दीर्घायु की कामना की जोन 01 के सभी वार्डो में आयोजित रक्षाबंधन पर्व में विधायक रामेश्वर शर्मा के दोनों हाथ रक्षा सूत्र से भर गए । रविवार को विधायक रामेश्वर शर्मा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर कोलार के 80 से 85 तक सभी वार्ड की बहनों से राखी बंधवाएँगे। रक्षा बंधन की तैयारियां वार्ड वार की गई है।

# हजारों बहनों ने मंत्री सारंग को बांधी राखी

**भोपाल ( काप्र )। प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग शनिवार को नरेला विधानसभा के वार्ड 41, 39 एवं 69 में आयोजित नरेला रक्षाबंधन महोत्सव में पहुँचे। देश के सबसे बड़े रक्षाबंधन महोत्सव के दूसरे दिन 23 हज़ार 400 बहनों ने मंत्री श्री सारंग को रक्षा सूत्र बांधा।**



मंत्री श्री सारंग ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि हर वर्ष नरेला विधानसभा की लगभग 70 हज़ार बहनें उन्हें रक्षा-सूत्र बांधकर स्नेह एवं आशीर्वाद प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि नरेला रक्षाबंधन महोत्सव राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है, यह नरेला विधानसभा की 70 हज़ार बहनों के अटूट विश्वास का बंधन है। बहनों का यह स्नेह ही उन्हें जनसेवा के लिये शक्ति प्रदान करता है। यही नरेला विधानसभा को नरेला परिवार बनाता है। श्री सारंग ने अपने उद्बोधन में कहा कि 2008 के पहले नरेला विधानसभा में पेयजल की समस्या थी। बहनों को पानी के लिये टैंकरों का सहारा लेना पड़ता था। वहीं उनके प्रयासों से आज सम्पूर्ण विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक घर में नल से नर्मदा जल पहुंच रहा है। रक्षाबंधन महोत्सव के दूसरे दिन नरेला विधानसभा के वार्ड 41, 39 एवं 69 में आयोजित समारोह में भारी बारिश के बीच भी हज़ारों की संख्या में बहनों ने मंत्री श्री सारंग के दोनों हाथों में रक्षा-सूत्र बांधा। उन्होंने सभी बहनों को उपहार स्वरूप पर्स और आरती संग्रह भेंट किया। समारोह में बहनों के भोजन की भी व्यवस्था की गई थी। स्वागत के अवसर पर क्षेत्र की बालिकाओं ने श्रीकृष्ण और राधा के रूप में तैयार होकर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं बारिश में भी हज़ारों की संख्या में पहुंची बहनों के लिये श्री सारंग ने भाई-बहन के अटूट रिश्ते पर आधारित गीत भी गाया। नरेला विधानसभा का सबसे भव्य रक्षाबंधन महोत्सव 25 अगस्त तक चलेगा। वर्ष 2018 में इस महोत्सव में विश्व रिकॉर्ड दर्ज करते हुए मंत्री श्री सारंग ने 70 हज़ार से अधिक बहनों से राखी बंधवाई थी। वहीं महोत्सव के प्रति बहनों के उत्साह को देखते हुए इसबार 1 लाख बहनों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों ने श्री सारंग का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने वाले मार्ग में विभिन्न स्थानों पर स्वागत मंच बनाये गये थे।

# सेवासदन- आप्टोमेट्री डिप्लोमा कोर्स में एडमिशन कल से

भोपाल (हिनप्र)।

**सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में डिप्लोमा इन आप्टोमेट्री तथा डिप्लोमा इन ऑफ्थाल्मिक असिस्टेंट कोर्स के शिक्षण-प्रशिक्षण के लिए प्रवेश 22 अगस्त से 15 सितम्बर 2022 तक होगा। कक्षा दसवीं या 12वीं तक शैक्षणिक योग्यता रखने वाले विद्यार्थियों को इन डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश की पात्रता है। नेशनल कांसिल आफ वोकेशनल एन्ड रिसर्च ट्रेनिंग दिल्ली ने इन पाठयक्रमों के लिए सेवासदन नेत्र चिकित्सालय को 30-30 सीट्स आवंटित की हैं।**



दक्ष आप्टोमेट्रिस्ट और ऑफ्थाल्मिक सहायकों की मांग सरकारी और प्राइवेट नेत्र चिकित्सालयों में हमेशा बनी रहती है। इसलिये इन कार्मिकों के रोजगार के अवसर भी बड़ी संख्या में उपलब्ध रहते हैं। इच्छुक छात्र 22 अगस्त से 15 सितम्बर 2022 तक कक्षा 10 वीं या 12 वीं की अंकसूची, टी.सी, आधार कार्ड तथा जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रतियां तथा चार पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ संलग्न कर अपने आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। संतनगर भोपाल स्थित सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में दोनों पाठयक्रमों की नियमित कक्षाएं 16 सितम्बर 2022 से शुरु हो जायेंगी। विस्तृत पूछताछ के लिये सुश्री राजश्री शेवानी से मोबाइल नंबर 9753355317 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# चालीहा महोत्सव में कान्हा का जन्मोत्सव मना

**भोपाल ( हिनप्र )।** पूज्य झूलेलाल चालीहा साहिब उत्सव समिति ने झूलेलाल मंदिर एच-वार्ड में चालीहा महोत्सव के 35वें दिन जन्माष्टमी मनाई। भरुच के प्रमुख सांई ठकुर सांई मनीषलाल के सानिध्य में बहिराणा साहिब की ज्योति प्रज्ज्वलित कर भजन, कीर्तन, अखो, आरती, पल्लव, छेज, डाण्डिया हुआ। सांई मनीषलाल के साथ खूब झूम कर नाचे आरती के बाद सुखो सेसा प्रसादी वितरण किया गया।

सांई मनीषलाल ने कहा कि हमारे सिंधी समाज के इष्टदेव भगवान झूलेलाल है इसके उपरोक्त सदा स्मरण रहे। माता-पिता का कर्तव्य है कि अपने बच्चो को बचपन से ही शिक्षा दे कि भगवान झूलेलाल हमारे इष्टदेव है जिन्होने हिन्दुओ के लिए अवतार लिया था बच्चे माटी की तरह होते है जैसा बनाओगे वैसे हो जाएगे। बच्चो को हमेशा मंदिर में साथ ले जाए भगवान झूलेलाल के बारे में बताया इसके अलावा सांई ने बताया हमे अपने माता पिता व गुरु का आदर करे उनकी आज्ञा में रहे अगर आप उनकी आज्ञा में रहोगे तो बच्चे भी सीखेंगे ओर आपको भी आदर सम्मान मिलेगा जो आपने दिया है। इसलिए हमे हमेशा अच्छे संस्कारो का बीज बोएंगे तो हमेशा भगवान झूलेलाल की आप पर आपके परिवार पर हमेशा कृपा बनी रहेगी। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम हरचंदानी एवं मुरली हरचंदानी ने अपने साथियों के साथ मनीष लाल सांई का फूल माला व शाल, पखर पहनाकर आशीर्वाद लिया उसके उपरांत सांईजी के सानिध्य में बहिराणा साहिब की ज्योत शीतल दास की बगिया कमला पार्क पर देशकी अखंडता व खुशहाली के लिए सामूहिक प्रार्थना कर बहिराणा साहिब की ज्योत व अखंड विसर्जित की गयी।

# श्रम प्रावधान के बावजूद न्यूनतम वेतन रिवाईज नहीं होने से नाराज आउटसोर्स ने किया भिक्षावृत्ति आंदोलन

भोपाल (काप्र)।

**न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 की धारा 3 के श्रम प्रावधान अनुसार म.प्र. के ढाई लाख आउटसोर्स कर्मियों का न्यूनतम वेतन पाँच साल बाद वर्ष 2020 में रिवाईज़ हो जाना था, पर यह सातवें साल में भी रिवाईज़ नहीं होने से नाराज़ आउटसोर्स कर्मियों ने अपने कार्यालय के बाहर भिक्षावृत्ति माँगकर प्रांतव्यापी प्रदर्शन किया।**




राजधानी में गोविन्दपुरा बिजली गेट पर आउटसोर्स कर्मचारी संगठन के प्रांतीय संयोजक मनोज भार्गव के नेतृत्व में कर्मचारियों ने भिक्षावृत्ति प्रदर्शन के बाद मंत्री विश्वास सारंग के हाथों में ज्ञापन सौंपा। श्रम मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह एवं भोपाल सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर के बंगले में भी पहुँचकर ज्ञापन सौंपा।

आन्दोलन को संबोधित करते हुए श्री भार्गव ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव का स्वर्णिम काल चल रहा है, पर म.प्र. के आउटसोर्स कर्मी ठेकेदारी का विष पी रहे हैं। एक ओर माननीय प्रधानमंत्री जी ने 15 अगस्त 2022 को लालकिले की प्राचीर से कहा कि हमें शत् प्रतिशत गुलामी की मानसिकता को तिलांजलि देकर उससे मुक्त होना है, पर म.प्र. में ढाई लाख आउटसोर्स कर्मी ठेकेदारों की गुलामी की जंजीरों में जकड़े हुए हैं। म.प्र. के सभी विभागों, बिजली कम्पनी व अन्य संस्थानों में मानव बल ठेकेदारों का परचम फहरा व लहरा रहा है। इससे देश की युवा धरोहर धराशायी हो रही है। भारत 1947 में अंग्रेजों की दास्तां से मुक्त हो गया, पर अब म.प्र. में कार्यरत ढाई लाख आउटसोर्स कर्मी ठेकेदारी प्रथा के तहत् पराधीन हैं। प्रदेश का आउटसोर्स कर्मी चाहता है, उसे ठेका प्रथा से मुक्त कर विभागों से सीधा वेतन मिले। इससे म.प्र. में ठेकेदारी कमीशन, जीएसटी व टीडीएस के रूप में अपव्यय हो रही 25 प्रतिशत करीब 2300 करोड़ रु. राशि की प्रतिवर्ष बचत होगी और आउटसोर्स कर्मियों का वेतन-बोनस व पीएफ ठेकेदारों द्वारा हड़पने से आर्थिक राहत मिलेगी। इसलिए म.प्र. में आउटसोर्स रिफॉर्म नीति बनाई जाना चाहिए और बढ़ती महँगाई में केन्द्र के आउटसोर्स समान दोगुना मिनिमम वेजेस म.प्र. में दिया जाना चाहिए।

# रेल्वे ट्रैक के पास मिली युवती की लाश ट्रैन से गिरकर मौत की आंशका

## पटरी पार करते समय ट्रैन की चपेट मे आने से युवक की भी मौत

**भोपाल ( काप्र )।** राजधानी के बागसेवनिया थाना इलाके मे जहॉ ट्रैन की चपेट मे आने से युवक की मौत हो गई। वही शॉहजहॉबाद पुलिस ने पटरी के पास झाडियो से युवती का शाव बरामद किया है। पुलिस के अनुसार बीती रात करीब बारह बजे सूचना मिलने पर नारायण नगर रेलवे ट्रेक से एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया गया है। मृतक की उम्र करीब 25 साल के आसपास बताई गई है। घटनास्थल की जॉच के आधार पर पुलिस का अनुमान है कि मृतक शराब के नशे में था, ओर लापरवाही पूर्वक पटरी पार करते समय ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हुई है। हालांकि पुलिस का यह भी कहना है कि मर्ग कायम कर शव की शिनाख्ती के लिये आसपास के इलाके में जानकारी जुटाई जा रही हैं, ओर उसकी पहचान के बाद पुलिस आत्मत्या के एंगल पर भी जॉच करेगी। वही शाहजहांनाबाद पुलिस ने सूचना मिलने पर नेवरी मंदिर के पास रेलवे पटरी किनारे झाड़ियों से एक अज्ञात युवती का शव बरामद किया था। घटनास्थल से पुलिस को एक बैग मिला, जिसमे कुछ कागजात ओर एक डायरी रखी थी। दस्तावेज के आधार पर पुलिस ने मृतका के परिवार वालो से संपर्क किया। युवती की पहचान बैतूल मे रहने वाली 27 वर्षीय शालिनी पिता रामचरण के रुप मे हुई। परिवार वालो ने पुलिस को बताया कि शालिनी मानसिक रुप से कुछ बीमार थी, जिसका इलाज चल रहा था। शालिनी इलाज के लिये ही इंदौर गई थी, ओर वहॉ से वापस लौट रही थी। हादसे की सूचना मिलने पर युवती के परिवार वाले राजधानी पहुचं गये। पुलिस का अनुमान है कि चलती ट्रैन से गिरकर उसकी मौत हुई है।

## पेज एक से जारी खबरों के शेष...

### सीबीआई ने...

थे। एफआईआर में गुरुग्राम में बड्डी रिटेल प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अमित अरोड़ा, दिनेश अरोड़ा और अर्जुन पांडे पर सिसोदिया के करीबी सहयोगी होने का आरोप लगाया गया है, जो शराब लाइसेंसधारियों से एकत्र किए गए अनुचित आर्थिक लाभ को आरोपी लोक सेवकों तक पहुंचाने में सक्रिय रूप से शामिल थे। सीबीआई टीम के सिसोदिया के आवास से शुक्रवार रात करीब 11 बजे निकलने से पहले करीब 15 घंटे तक तलाशी अभियान जारी रहा। %आप% नेता के घर, आईएएस अधिकारी और पूर्व आबकारी आयुक्त अरवा गोपी कृष्णा के आवास और 29 अन्य स्थानों पर तलाशी तब हुई जब सीबीआई ने दिल्ली आबकारी नीति के निर्माण और क्रियान्वयन में कथित भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के लिए प्राथमिकी दर्ज की। पिछले नवंबर, अधिकारियों ने कहा।

### आम आदमी पार्टी ...

या नहीं। मैन्यूफेक्च रिंग कंपनियों को रिटेल में ठेके की अनुमति नहीं होती, तो आपने यह अनुमति क्यों दी ? शराब के व्यापारियों के प्रति ये इतने नरम दिल क्यों हैं ?ठाकुर ने शराब घोटाले के अन्य आरोपियों से सिसोदिया के रिश्ते पर सवाल उठाते हुए पूछा कि इन आरोपियों के साथ सिसोदिया के क्या रिश्ते हैं ? आप सरकार ने शराब के ठेकों का कमीशन 2 से बढ़ाकर 12 प्रतिशत क्यों किया ?ठाकुर ने शराब माफियाओं को बगैर कैबिनेट की अनुमति के 144 करोड़ रुपये वापस देने का आरोप लगाते हुए पूछा कि क्या यह मनीष सिसोदिया के कहने पर किया गया या इसमें अरविंद केजरीवाल की भी सहमति थी ? आप नेताओं पर इन सवालों का सही जवाब देने की बजाय इधर-उधर की बातें करने और सवालों से भागने का आरोप लगाते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आप नेता सच्चाई, जिम्मेदारी और सवालों से भागते हैं, अब ये जनता से भी दूर भागेंगे। उन्होंने कहा कि मीडिया के सवालों का जवाब देने की बजाय मनीष सिसोदिया उल्टे पांव भाग रहे हैं और इसी तरह से एक दिन केजरीवाल और सिसोदिया को जनता से डर कर भागना पड़ेगा।

### 2024 के आम ...

बढ़ता कद है। सिसोदिया की यह टिप्पणी नई आबकारी नीति के संबंध में अनियमितताओं के सिलसिले में सीबीआई द्वारा उनके आवास और अन्य स्थानों पर छापेमारी के एक दिन बाद आई है। उन्होंने आरोप लगाया कि जांच एजेंसी द्वारा अरविंद केजरीवाल को रोकने के लिए इस छापेमारी के जरिए साजिश रची जा रही है। सिसोदिया ने कहा, मैं किसी भ्रष्टाचार में शामिल नहीं हूं। मेरी एकमात्र गलती यह है कि मैं अरविंद केजरीवाल सरकार का शिक्षा मंत्री हूं। सिसोदिया ने कहा कि हो सकता है कि सीबीआई मुझे अगले 3-4 दिनों में गिरफ्तार कर ले, लेकिन हम डरेंगे नहीं। वे हमें रोक नहीं सकते। 2024 का चुनाव आप बनाम भाजपा होगा। दिल्ली के डिप्टी सीएम ने दावा किया कि उन्होंने दिल्ली की शिक्षा और स्वास्थ्य प्रणालियों में सुधार करके जनता के लिए काम करने वाले नेता के रूप में अपनी क्षमता को साबित किया है। उन्होंने कहा कि जिस आबकारी नीति से सारा विवाद खड़ा हो रहा है, वह देश की सर्वोत्तम नीति है। डिप्टी सीएम सिसोदिया ने दावा किया कि हम इसे पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ लागू कर रहे थे। अगर दिल्ली एलजी ने नीति को विफल करने की साजिश रचकर अपना फैसला नहीं बदला होता, तो दिल्ली सरकार को हर साल कम से कम 10,000 करोड़ रुपये मिलते। उन्होंने कहा कि गुजरात में आबकारी नीति के माध्यम से लगभग 10 हजार करोड़ रुपये की हेराफेरी की गई। अगर उन्हें आबकारी अनियमितताओं या किसी खामी के बारे में कोई चिंता है, तो पूरे सीबीआई और ईडी कार्यालय को गुजरात में स्थानांतरित कर देना चाहिए था। उन्होंने दावा किया, अगर वे वास्तव में भ्रष्टाचार के खिलाफ हैं, तो आज, ईडी और सीबीआई को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे की जांच करनी चाहिए, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी द्वारा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करने के तुरंत बाद भारी बारिश के कारण गहरे गड्ढे हो गए हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, केजरीवाल सोचते हैं कि देश को सभी मानकों पर कैसे विकसित किया जाए, प्रधानमंत्री मोदी सोचते हैं कि राज्यों में गैर-भाजपा सरकारों को कैसे गिराया जाए और अपनी सरकार बनाई जाए। सिसोदिया ने कहा, सीबीआई की प्राथमिकी में सूत्रों के हवाले से एक करोड़ रुपये के घोटाले का जिक्र है, बीजेपी नेताओं द्वारा किए गए 8,000 करोड़ रुपये के सबसे बड़े दावे का क्या? उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका के सबसे बड़े अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स ने 18 अगस्त को अपने पहले पन्ने पर दिल्ली के शिक्षा मॉडल को कवर किया था। यह भारत के लिए गर्व का क्षण है। गंगा के किनारे हजारों शवों का अंतिम संस्कार करते हुए एक और कहानी लगभग डेढ़ साल पहले प्रकाशित हुई थी। हालांकि, यह हम सभी के लिए शर्मनाक था। सिसोदिया ने कहा कि पीएम मोदी और अरविंद केजरीवाल के बीच यही अंतर है कि केजरीवाल किसी को ईमानदारी से काम करते हुए देखते हैं, तो वह उन्हें और अधिक करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, लेकिन वे (भाजपा नेता) रास्ते में बाधा डालने की साजिश करते हैं। मैं कहना चाहूंगा कि यह पीएम मोदी को शोभा नहीं देता, जिन्हें इतनी बड़ी जीत मिली है।

### पार्टी कहेगी ...

कौन क्या काम करेगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संसदीय बोर्ड में जिन्हें शामिल किया है वे सभी योग्य हैं। मैं भी पार्टी के निर्देशानुसार काम करूंगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को बाहर कर दलित नेता सत्यनारायण जटिया को संसदीय बोर्ड और चुनाव समिति में शामिल केंद्रीय नेतृत्व ने 2023 के लिए अपनी रणनीति का साफ संकेत दे दिया। संघ के करीबी और उज्जैन से सात बार सांसद रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया के सहारे प्रदेश में बीजेपी ने दलित कार्ड खेल दिया है। प्रदेश में अनुसूचित जाति के लिए 35 सीटें रिजर्व हैं। और पूरे मध्य प्रदेश की 84 विधानसभा सीटों पर दलित वोटर जीत हार तय करते हैं।

### ग्वालियर-चंबल अंचल...

जाए। ताकि आम जनता के मकान एवं व्यासायिक प्रतिष्ठान भी प्रभावित ना हों और नया मार्ग भी बन जाए। इसके लिए एक नए एक्सप्रेसवे की परिकल्पना की गई, जिसके तहत तीनों नगरों के समनानंतर नवीन मार्ग तैयार किया जाएगा, जो कि 6 लेन का होगा और यमुना एक्सप्रेसवे या आगरा लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे के समान होगा। श्री सिंधिया ने कहा कि एक्सप्रेसवे ग्वालियर के निरावली तिराहे से प्रारंभ होकर आगरा में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा। सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में पूरी टीम ग्वालियर-चम्बल सहित पूरे मध्य प्रदेश को विकास एवं प्रगति के लिए देश की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि अटल प्रोग्रेसवे, ग्वालियर में 500 करोड़ की लागत से नए एयरपोर्ट टर्मिनल का निर्माण, 450 करोड़ की लागत से एलिवेटेड रोड, 500 करोड़ की लागत से रेलवे स्टेशन का विकास, 1 हज़ार बिस्तर का नया अस्पताल, 125 करोड़ की लागत से शंकरपुर में नए क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण, 450 करोड़ से अधिक की लागत से चम्बल से ग्वालियर के लिए पानी की योजना आदि विकास कार्य ग्वालियर सहित पूरे अंचल में विकास के लिए क्रांतिकारी कदम सिद्ध होंगे।

### गृहमंत्री अमित शाह...

करेंगे। इसमें उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामीमध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल होंगे। उत्तराखंड के सीएम शनिवार शाम को भोपाल पहुंच जाएंगे। शाह का दौर तय करने के बाद सरकार और संगठन दोनों तैयारी में जुटे हैं। वहीं, पुलिस ने सिक्युरिटी-ट्रैफिक का प्लान तैयार किया है तो नगर निगम सड़कों को सुधारने से लेकर रास्तों को खूबसूरत बनाने का काम कर रहा है। स्टेट हैंगर, लालघाटी, स्मार्ट रोड, पॉलीटेक्निक कॉलेज चौराहा, भारत माता चौराहा और भदभदा ब्रिज तक सड़क की तस्वीर भी बदली जाएगी। बारिश के चलते कुछ जगह पर गड्ढे हो गए हैं। इन्हें भरवाया जा रहा है। रास्तों के सेंट्रल वर्ज एवं किनारे की धूल-मिट्टी सफाई कराई जा रही है तो रैलिंग की रंगाई-पुताई भी कर रहे हैं। मध्यप्रदेश को दर्शाती पेंटिंग भी सड़क के दोनों ओर बनाई जा रही है। चौराहे पर लगी घड़ी को जल्द चालू कराने को भी कहा गया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दौरे को लेकर राजधानी को सजाया जा रहा है। गृहमंत्री जिन रास्तों से गुजरेंगे, वह दोनों ओर खूबसूरत पेंटिंग भी बनाई जाएगी। इसे लेकर नगर निगम के अधिकारियों ने भी दौरा भी किया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दौरे को लेकर राजधानी को सजाया जा रहा है। गृहमंत्री जिन रास्तों से गुजरेंगे, वह दोनों ओर खूबसूरत पेंटिंग भी बनाई जाएगी। इसे लेकर नगर निगम के अधिकारियों ने भी दौरा भी किया। केंद्रीय गृहमंत्री शाह के लिए 4 हैलीपेड बनाए जा रहे हैं। ये हैलीपेड भौंरी और लाल परेड ग्राउंड में बनाए जा रहे हैं। शाह इंटर स्टेट काउसिंल की बैठक के बाद नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद रविंद्र भवन में आयोजित पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के बाद विधानसभा में कुशाभाऊ ठाकरे जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित नई शिक्षा नीति के आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। फिर होटल में सहकारिता विभाग के कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके साथ ही पुलिस लैब का भी उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा भी वे कई मुद्दों पर बात करेंगे।

### मुख्यमंत्री ने ली...

किया। डॉ. नरोत्तम मिश्र, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव गृह डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन विनोद कुमार, पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना, प्रमुख सचिव संस्कृति शिवशेखर शुक्ला, प्रमुख सचिव जनसंपर्क राघवेन्द्र कुमार सिंह, विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी मुख्यमंत्री कार्यालय योगेश चौधरी, प्रबंध संचालक पर्यटन निगम एस. विश्वनाथन, संचालक जनसंपर्क आशुतोष प्रताप सिंह, कलेक्टर भोपाल अविनाश लवानिया और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### सशस्त्र बल ...

किया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित जनों को यह भी आश्वासन दिया कि सरकार उन सुझावों पर विचार करेगी जो न्याय की शीघ्र आपूर्ति के लिए भूतपूर्व सैनिकों और सेवारत कर्मियों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए इस सेमिनार में विचार-विमर्श के बाद सामने आएंगे। राजनाथ सिंह ने जनसभा को यह भी जानकारी दी कि भारत में सशस्त्र बल न्यायाधिकरण को मूल और अपीलीय क्षेत्राधिकार प्राप्त है, जबकि कुछ विकसित देशों जैसे कि अमरीका और इंग्लैंड में केवल अपीलीय क्षेत्राधिकार प्राप्त है। यह बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि सशस्त्र बल न्यायाधिकरण सशस्त्र बलों के कर्मियों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की शिकायतों का निवारण के लिए एक महत्वपूर्ण फोरम है। रक्षा मंत्री ने सामान्य रूप से न्यायिक प्रणाली और विशेष रूप से सशस्त्र बल न्यायाधिकरण में लंबित मामलों के बोझ को कम करने के लिए न्याय में देरी, न्याय से वंचित और जल्दी में न्याय, न्याय को दफन करना के बीच संतुलन कायम करने का आह्वान किया। क्योंकि न्याय की समय पर आपूर्ति से न केवल सशस्त्र बल न्यायाधिकरण पर बोझ कम होगा, बल्कि न्याय प्रणाली में हमारे सैनिकों का विश्वास भी मजबूत होगा।